भारत सरकार

संचार मंत्रालय

दूरसंचार विभाग

लोक सभा

तारांकित प्रश्न संख्या 259*

उत्तर देने की तारीख 05 अगस्त, 2026

बीएसएनएल के स्वदशी **4**जी बुनियादी ढांचे से सबंधित उपलब्धियां

*259. श्री चव्हाण रविन्द्र वसंतरावः

श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे:

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) की स्वदेशी 4जी अवसंरचना से संबंधित उपलब्धियों का ब्यौरा क्या है और उनके प्रचालन स्थलों की संख्या कितनी है और ओडिशा के नबरंगपुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सहित अन्य स्थलों पर स्वदेशी रेडियो नेटवर्क प्रौद्योगिकी में अग्रणी होने संबंधी स्थिति क्या है;

(ख) भारतनेट परियोजना तथा ग्राम पंचायतों को फाइबर सुविधा और 1.5 करोड़ ग्रामीण ब्रॉडबैंड कनेक्शन प्रदान करने के लिए 1.39 लाख करोड़ रुपये के आवंटन के उपयोग से संबंधित स्थिति क्या है;

(ग) क्या सीमावर्ती जिलों और वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) से प्रभावित जिलों के लिए अधिकतम 4जी सेवा प्रदान किए जाने से संबंधित परियोजना सही दिशा में आगे बढ़ रही है जिसके अंतर्गत योजनाबद्ध 21,000 टावरों में से 17,000 टावरों की संस्थापना का कार्य पूरा कर लिया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) विशेषकर ओडिशा के नबरंगपुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सहित अन्य क्षेत्रों में डिजिटल सुविधाओं की समानता को बढ़ावा देने, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में संपर्क सुविधा के अंतर को पाटने और वर्ष 2047 तक विकसित भारत के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के लिए तैयार किए गए बीएसएनएल पुनरुद्धार पैकेज के अंतर्गत किए गए उपायों और राजकोषीय आवंटन का ब्यौरा क्या है तथा दक्षिण कन्नड़ जिले सहित कर्नाटक में इस संबंध में किए गए कार्यान्वयन और प्राप्त हुए लाभ की स्थिति क्या है; और

(ङ.) बीएसएनएल की शुरू की गई 4जी साइटों, ग्राम पंचायतों को प्रदान की गई भारतनेट कनेक्टिविटी और विशेषकर मेरठ-हापुड़ लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सहित उत्तर प्रदेश में ग्रामीण ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी की वर्तमान स्थिति का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

संचार एवं उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री

(श्री ज्योतिरादित्य मा. सिंधिया)

(क) से (ङ) विवरण सदन के पटल पर रखा दिया गया है ।

"बीएसएनएल के स्वदेशी 4जी बुनियादी ढांचे से संबंधित उपलब्धियां" के संबंध में दिनांक 05 अगस्त, 2026 के लोक सभा के तारांकित प्रश्न संख्या 259* के भाग (क) से (ङ) के संबंध में लोक सभा के पटल पर रखा जाने वाला विवरण

(क) आत्मनिर्भर भारत के विजन की तर्ज पर बीएसएनएल ने 25.7.2026 तक अखिल भारतीय आधार पर नियोजित एक लाख साइटों में से ऐसी 98,550 स्वदेशी 4जी साइट संस्थापित की हैं जिसमें से 97,174 4जी साइट ऑन-एयर हैं। ओडिशा के नबरंगपुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में बीएसएनएल ने अपने चरण IX.2 विस्तार और डिजिटल भारत निधि से वित्तपोषित 4जी सेचुरेशन और वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई)-I उन्नयन परियोजनाओं के तहत कुल 191 4जी साइट संस्थापित की हैं।

(ख) देश की सभी ग्राम पंचायतों (जीपी) में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के लिए भारतनेट परियोजना के लिए अनुमोदन दिया गया है। इसके अलावा, सरकार ने भारतनेट के चरण-I और चरण-II के तहत सृजित मौजूदा नेटवर्क का उन्नयन करने और नई ग्राम पंचायतों और बिना ग्राम पंचायत वाले गांवों के लिए मांग के आधार पर इंक्रीमेंटल नेटवर्क बनाने, इसके प्रचालन और रखरखाव और फाइबर-आधारित इंटरनेट कनेक्शन देने के लिए संशोधित भारतनेट कार्यक्रम के लिए अनुमोदन दिया है। 30.6.2026 तक, संशोधित भारतनेट कार्यक्रम के तहत कुल 43,908 किलोमीटर ऑप्टिकल फाइबर केबल बिछाई गई है और कुल 13,494 ग्राम पंचायतों का उन्नयन किया गया है। इसके अलावा, 30.06.2026 तक, देशभर में 9,75,402 सक्रिय फाइबर-आधारित कनेक्शन भारतनेट का उपयोग कर रहे थे।

(ग): 30.6.2026 तक, देशभर में डिजिटल भारत निधि से वित्तपोषित विभिन्न मोबाइल कनेक्टिविटी परियोजनाओं के तहत 33,409 4जी टावरों में से 23,426 4जी टावरों को ऑन-एयर कर दिया गया है जिसमें सीमावर्ती जिले और वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिले भी शामिल हैं।

(घ): बीएसएनएल को मजबूत करने, पूरे भारत में दूरसंचार और ग्रामीण डिजिटल कनेक्टिविटी का विस्तार करने, परिचालन लागत को कम करने और स्वदेशी दूरसंचार प्रोद्योगिकी को बढ़ावा देने के लिए, सरकार ने लगभग 3.18 लाख करोड़ रुपये का पुनरूद्धार पैकेज अनुमोदित किया है जिसमें ऋण पुनर्संरचना के लिए लॉन्ग-टर्म सॉवरेन गारंटी बॉन्ड (एसजीबी) जुटाने के लिए 31,328 करोड़ रुपये की सॉवरेन गारंटी भी शामिल है।

इसके अलावा, 25.7.2026 तक, नबरंगपुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में बीएसएनएल ने चरण IX.2 विस्तार के तहत 103 4जी साइट और डिजिटल भारत निधि (डीबीएन) परियोजनाओं के तहत 88 4जी साइट चालू की हैं। कर्नाटक राज्य में, बीएसएनएल ने चरण IX.2 विस्तार के तहत

5,375 4जी साइट चालू की हैं और 30.6.2026 तक डीबीएन वित्तपोषित परियोजनाओं के माध्यम से कुल 678 4जी साइट चालू की हैं। दक्षिण कन्नड़ जिले में, बीएसएनएल ने चरण IX.2 विस्तार के तहत 239 4जी साइट और डीबीएन वित्तपोषित परियोजनाओं के माध्यम से 89 4जी साइट चालू की हैं।

(ङ) बीएसएनएल ने उत्तर प्रदेश राज्य में 6,910 4जी साइट चालू की हैं जिसमें मेरठ-हापुड़ लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में 213 4जी साइट शामिल हैं। इसके अलावा, 30.6.2026 तक उत्तर प्रदेश राज्य में 4,010 ग्राम पंचायतों को भारतनेट परियोजना के तहत कनेक्टिविटी प्रदान की गई थी और मेरठ-हापुड़ लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में लगभग 700 ग्रामीण ब्रॉडबैंड कनेक्शन उपलब्ध कराए गए थे।

***